ASB NEWS INDIA

मुजफ्फरनगर में छापा, पकडी गई नकली कीटनाशक दवाईयां, दुकान सील

मुजफ्फरनगर. कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र कुमार ने विभागीय टीम के साथ खतौली जानसठ मार्ग पर स्थित गांव मकसूदाबाद में अंकित कृषि सेवा केन्द्र दुकान पर छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में नकली कीटनाशक दवाईर पकडी है। छापेमारी के दौरान जानसठ कोतवाली पुलिस और संबंधित कम्पनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे। टीम ने यहां से सात पैकेट वर्टिगो, 45 किलो फटेरा और 40 किलों फिफलोनील नकली दवाई जब्त की है। वहीं जानसठ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए दुकान को सील कर दिया है।

पिछले कई दिनों से कृषि विभाग के अधिकारियों को सूचना मिल रही थी कि गांव मकसूदाबाद में स्थित अंकित कृषि सेवा केन्द्र पर किसानों को नकली कीट नाशक दवाईर दी जा रही है।

किसानों का आरोप है कि यहां से दवाई खरीदने के बाद खेत में डाली जाती है, लेकिन दवाई का कोई भी रिजल्ट सामने नहीं आ रहा है। किसानों की शिकायत पर मंगलवार को कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र कुमार ने विभागीय टीम के साथ अंकित कृषि सेवा केन्द्र पर छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने यहां से सात पैकेट वर्टिगो, 45 किलो फटेरा और 40 किलों फिफलोनील नकली दवाई जब्त की है। इस दौरान जानसठ पुलिस और संबंधित कम्पनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने जांच पडताल करते हुए मौके पर पकडी गईर तीनों दवाई को नकली बताया है।

Source: https://www.asbnewsindia.com/raid-in-muzaffarnagar-caught-fake-insecticides-shop-sealed/